भारतसरकार Government of India
अंतरिक्षविभाग Department of Space
भारतीयअंतरिक्षअनुसंधानसंगठन Indian Space Research Organization
समानवअंतरिक्षउड़ानकेंद्र Human Space Flight Centre
बेंगलूरु Bengaluru - 560094

**विज्ञा.सं.एच.एस.एफ.सी.:01:भर्ती:2024 Advt.No.HSFC:01:RMT:2024**
**18.09.2024**

# चिकित्सा अधिकारी-एस.डी./एस.सी., वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी., तकनीकी सहायक/वैज्ञानिक सहायक, तकनीशियन-बी/ नक्शानवीज़-बी, सहायक (राजभाषा) की भर्ती
# RECRUITMENT OF MEDICAL OFFICER-SD / SC, SCIENTIST/ ENGINEER-SC, TECHNICAL ASSISTANT/ SCIENTIFIC ASSISTANT, TECHNICIAN-B / DRAUGHTSMAN-B, ASSISTANT (RAJBHASHA)

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसरो में नौकरी पाने के लिए फर्जी नियुक्ति प्रस्ताव का संज्ञान न लें/ CANDIDATES ARE ADVISED NOT TO TAKE COGNIZANCE OF FAKE OFFER OF APPOINTMENT FOR JOB IN ISRO**

भारतीय समानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए इसरो में एक नए केंद्र के रूप में समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एच.एस.एफ.सी.), बेंगलुरु का गठन किया गया था। समानव अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए अग्रणी केंद्र के रूप में, एच.एस.एफ.सी. विश्वसनीयता और मानव सुरक्षा के उच्च मानकों के अनुरूप मानव विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्र में बहु-विषयक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां चला रहा है। एच.एस.एफ.सी. प्रौद्योगिकी विकास के नए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिनमें जैव-अंतरिक्षयानिकी (बायोएस्ट्रोनॉटिक्स), मानव अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष आवास प्रणालियों के क्षेत्र में नई विशेषज्ञता का पोषण और सृजन करना, शामिल है/ Human Space Flight Centre (HSFC), Bengaluru was formed as a new Centre in ISRO to realize the vision of Indian human space flight programme. As the lead Centre for the Human space activities, HSFC is undertaking multi-disciplinary R&D activities in new domains of human science and technology, while conforming to high standards of reliability and human safety. HSFC is focusing on new areas of technology development, significant amongst them includes nurturing and creating new expertise in the domains of Bioastronautics, Human Space Sciences and Space Habitat Systems.

समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एच.एस.एफ.सी.), निम्नलिखित अस्थायी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिनके अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है/ Human Space Flight Centre (HSFC), invites on-line applications for the following temporary posts, which are likely to be continued indefinitely.

1.

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | आरक्षण ब्यौरा Reservation Details | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता Essential minimum qualification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम / Name of the Post : चिकित्सा अधिकारी - एस.डी./ Medical Officer – SD** | | | | | |
| 01 | विमानन चिकित्सा<br>Aviation Medicine | 01 | अना.-01<br>UR-01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राप्त एम.बी.बी.एस. की डिग्री<br>**के साथ**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (या) संस्थान से एविएशन मेडिसिन में एम.डी.। न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव वांछनीय है।<br>**साथ**<br>MD in Aviation Medicine from a recognized University (or) Institution. Minimum two years experience is desirable.<br>**With**<br>MBBS Degree from a recognized University or Institution. | **स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार/ Screening & Interview** |
| 02 | खेल चिकित्सा /<br>Sports Medicine | 01 | अना.-01<br>UR-01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से एम.बी.बी.एस. की डिग्री।<br>**के साथ**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (या) संस्थान से खेल चिकित्सा में एम.डी.। न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव वांछनीय है।<br>**साथ**<br>MD in Sports Medicine from a recognized University (or) Institution. Minimum two years experience is desirable.<br>**With**<br>MBBS Degree from a recognized University or Institution. | **स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार/ Screening & Interview** |

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | आरक्षण ब्यौरा Reservation Details | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता Essential minimum qualification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/Name of the Post : चिकित्सा अधिकारी – एस.सी. (यह पद यू.आर.एस.सी., बेंगलुरु के लिए निर्दिष्ट किया गया है)/ Medical Officer – SC (This post is identified for URSC, Bengaluru)** | | | | | |
| 03 | **चिकित्सा अधिकारी** / Medical Officer | 01 | अना.-01 UR-01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (या) संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री + न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। MBBS Degree from a recognized University (or) Institution + minimum 2 years' experience. | **स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार/ Screening & Interview** |

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | अनारक्षित/ आरक्षित Unreserved/ Reserved for | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता एवं अनुभव Essential Minimum Qualification & Experience | कार्य का सांकेतिक क्षेत्र/ कार्य विशिष्टता Indicative area of work / Job Specification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/Name of the Post : वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी./ Scientist Engineer – SC** | | | | | | |
| 04 | संरचनात्मक डिज़ाइन Structural Design | 01 | अना-01 UR-01 | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ संरचनात्मक अभियांत्रिकी/ सिविल अभियांत्रिकी में एम.ई./एम.टेक (या) समकक्ष<br><br>**M.E./M.Tech** in Structural Engineering/Civil Engineering (or) equivalent. With pre-eligibility qualification B.E./B.Tech in any discipline. | उन्नत वांतरिक्ष संरचनाओं और यंत्रावली का डिज़ाइन, विकास और परीक्षण। विनिर्माण दृष्टिकोण के लिए डिज़ाइन के साथ संरचनाओं का डिज़ाइन। इस कार्य के लिए परिमित तत्व विश्लेषण के बुनियादी सिद्धांतों का गहन ज्ञान, संरचनात्मक डिज़ाइन के बुनियादी सिद्धांतों पर अच्छी पकड़ और किसी भी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध एफ.ई.ए. सॉफ्टवेयर जैसे अबाकस, हाइपर मेश/ऑप्टिस्ट्रक्चर, एन्सिस, नास्ट्रान आदि में दक्षता की आवश्यकता है।<br>Design, development and testing of advanced aerospace structures and mechanisms. Design of structures with design for manufacturing | **(लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और साक्षात्कार (Written Test / Computer based Test) and Interview** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | approach. Job requires thorough knowledge of finite element analysis fundamentals, good hold over structural design fundamentals and proficiency in any commercially available FEA software viz. Abaqus, Hyper mesh / Optistruct, Ansys, Nastran etc. | |
| 05 | इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग (यंत्रीकरण इंजीनियरिंग) Instrumentation Engineering | 02 | अना.-02 UR-02 | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. (या) समकक्ष<br><br>**M.E./M.Tech.** in Instrumentation Engineering (or) equivalent. With pre-eligibility qualification B.E./B.Tech in any discipline. | विभिन्न प्रकार के सेंसर चयन, सिग्नल कंडीशनिंग, डेटा अधिग्रहण, नियंत्रण और डेटा प्रोसेसिंग, इंस्ट्रुमेंटेड सबसिस्टम का परीक्षण और इंस्ट्रुमेंटेशन डेटा विश्लेषण सहित आरंभ से अंत तक की इंस्ट्रुमेंटेशन योजनाओं का डिजाइन, विकास और परीक्षण। नियंत्रण प्रणालियों और उपकरणों का डिजाइन, विकास, सिस्टम परीक्षण करना और स्वचालित प्रणालियों के प्रदर्शन और विश्वसनीयता की निगरानी करना।<br>Design, development and testing of end-to-end instrumentation schemes involving various types of sensor selection, signal conditioning, data acquisition, control and data processing, testing of instrumented subsystem and instrumentation data analysis. Design, development of control systems and devices, running system tests and monitoring performance and reliability of automated systems. | **(लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और साक्षात्कार (Written Test / Computer based Test) and Interview** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | सुरक्षा/विश्वसनीयता इंजीनियरिंग Safety/ Reliability Engineering | 01 | अना.-01 UR-01 | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ सुरक्षा/विश्वसनीयता इंजीनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. (या) समकक्ष<br><br>**M.E./M.Tech.** in Safety/ Reliability Engineering (or) equivalent. With pre-eligibility qualification of B.E./B.Tech in any discipline. | समानव अंतरिक्ष प्रणालियों के लिए जोखिम मूल्यांकन और प्रमाणन, डेटा संग्रह, डेटा विश्लेषण, सिस्टम विश्वसनीयता का अनुमान लगाना, संभाव्यता जोखिम मूल्यांकन, एफ.एम.ई.सी.ए., हाज़ोप, मानवानुकूलन प्रमाणन, गुणवत्ता आश्वासन, आदि। Risk Assessment and Certification for Human Space Systems, Data Collection, Data Analysis, Estimating System Reliability, Probabilistic Risk Assessment, FMECA, HAZOP, human-rating certification, quality assurance, etc. | **(लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और साक्षात्कार (Written Test / Computer based Test) and Interview** |
| 07 | औद्योगिक उत्पादन/ औद्योगिक प्रबंधन/औद्योगिक इंजीनियरिंग Industrial Production/ Industrial Management/ Industrial Engineering | 03 | अना.-03 UR-03 | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ औद्योगिक उत्पादन/औद्योगिक प्रबंधन/ औद्योगिक इंजीनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. (या) समकक्ष<br><br>**M.E./M.Tech.** in Industrial Production/ Industrial Management/ Industrial Engineering (or) equivalent. With pre-eligibility qualification of B.E./B.Tech in any discipline. | वित्तीय प्रबंधन में परियोजना प्रबंधन गतिविधियाँ जैसे कार्य विभाजन संरचना, शेड्यूलिंग सहित विभिन्न मिशनों की योजना, निगरानी, नियंत्रण और लागत। प्रौद्योगिकी प्रबंधन में गतिविधियाँ जैसे शिक्षा जगत, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उद्योग भागीदारों के साथ संपर्क, मानव संसाधन प्रबंधन और जनशक्ति योजना, केंद्र के लिए नए बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की योजना बनाना। Project Management Activities in Financial Management like planning, monitoring, controlling and costing of various missions including work breakdown structure, scheduling. Activities | **(लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और साक्षात्कार (Written Test / Computer based Test) and Interview** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | in Technology Management like interfacing with academia, national labs and industry partners, Human Resource Management and Manpower planning, Planning of new Infrastructure and facilities for the Centre. | |
| 08 | सुरक्षा/औद्योगिक सुरक्षा/ Safety/ Industrial Safety | 02 | अना.-02 UR-02 | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ सुरक्षा/औद्योगिक सुरक्षा में एम.ई./एम.टेक. (या) समकक्ष<br><br>**M.E/M.Tech.** in Safety/ Industrial Safety (or) equivalent. With pre-eligibility qualification of B.E./B.Tech in any discipline. | सुरक्षा दिशानिर्देशों और मानकों का पालन करते हुए सिस्टम की सुरक्षित कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना, सभी प्रक्रियाओं के लिए सुरक्षा मानक लागू हैं - सुनिश्चित करना, नई प्रणालियों के लिए सुरक्षा प्रक्रियाएं विकसित करना, सिस्टम और सुविधाओं का समय-समय पर निरीक्षण और ऑडिट करना/ Ensure safe functioning of systems adhering to safety guidelines and standards, safety standards are implemented for all processes, develop safety procedures for new systems, Periodic inspection and audit of systems and facilities. | **(लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और साक्षात्कार (Written Test / Computer based Test) and Interview** |
| 09 | तापीय (थर्मल) इंजीनियरिंग Thermal Engineering | 01 | अना.-01 UR-01 | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. की पूर्व पात्रता योग्यता के साथ थर्मल इंजीनियरिंग में एम.ई./एम.टेक. (या) समकक्ष<br>**M.E./M.Tech.** in Thermal Engineering (or) equivalent. With pre-eligibility qualification of B.E./B.Tech in any discipline. | थर्मल, माइक्रोमेटोरॉइड ऑर्बिटल मलबे और विकिरण सुरक्षा सहित समानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए बहुउद्देशीय सुरक्षा (शील्ड) के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास। समानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए सिस्टम का थर्मल डिजाइन, विश्लेषण और परीक्षण।<br>Research and development in the areas of multipurpose shields | **(लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा) और साक्षात्कार (Written Test / Computer based Test) and Interview** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | for Human Space Missions including Thermal, Micrometeoroid Orbital Debris & Radiation protection. Thermal design, analysis and testing of systems for Human Space Missions. | |

**पोस्ट कोड 01, 02 और 04-09 के लिए ऊपर उल्लिखित कुल 12 रिक्तियों में से 03 (तीन) रिक्तियां पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों (ओ.एच. -01, एच.एच.-01 और एल.वी.-01) के लिए आरक्षित हैं/ Out of the total 12 vacancies mentioned above for Post Codes 01, 02 and 04-09, 03 (three) vacancies are reserved for PwBD candidates (OH-01, HH-01 and LV-01).**

**नोट/ Note: ऊपर निर्दिष्ट कार्य का सांकेतिक क्षेत्र/कार्य विशिष्टता संपूर्ण नहीं है। तथापि, केवल प्रासंगिकता रखने वाले अभ्यर्थी ही उस विशेष पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा अध्ययन किए गए विषयों के आधार पर, कार्य क्षेत्र/कार्य की विशेषज्ञता के संबंध में उपर्युक्त विषय/क्षेत्र से संबंधित योग्यता डिग्री की समकक्षता की समीक्षा की जाएगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा/ Indicative area of work/ Job Specification specified above is not exhaustive. However, candidates who have relevancy only may apply for that particular post. Equivalence of the qualifying degree with respect to above discipline/field with respect to area of work/ job specialization will be reviewed and finalized based on the subjects studied by the candidate.**

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | आरक्षण ब्यौरा Reservation Details | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता Essential minimum qualification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/Name of the Post : तकनीकीसहायक/Technical Assistant** | | | | | |
| 10 | मेकैनिकल Mechanical | 13 | **12:** (अना.-05, अ.पि.व.-03, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01) + **01:** अ.ज.जा.-01 (बैकलॉग) **12**: (UR-05, OBC-03, SC-02, ST-01, EWS-01) + **01:**ST-01 (backlog) **[कुल 12 रिक्तियों में से 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी. – ओ.एच. के लिए आरक्षित है। नौकरी के लिए उपयुक्त विकलांगों की श्रेणियाँ - एक पैर-** | मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से मेकैनिकल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा First Class Diploma in Mechanical Engineering from a recognized State Board. | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **ओ.एल.; दोनों पैर – बी.एल.]/ [Out of total 12 vacancies, 01 vacancy is reserved for PwBD – OH. Categories of Disabled suitable for the Job–One Leg–OL; Both Leg-BL]** | | |
| 11 | इलेक्ट्रानिकी<br>Electronics | 11 | (अना.-04, अ.पि.व.-03, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01)<br>(UR-04, OBC-03, SC-02, ST-01, EWS-01)<br>**[कुल 11 रिक्तियों में से 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी. – एल.वी. के लिए आरक्षित है]/ [Out of total 11 vacancies, 01 vacancy is reserved for PwBD – LV]** | मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से इलेक्ट्रानिकी इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा<br>First Class Diploma in Electronics Engineering from a recognized State Board. | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test** |
| 12 | इलेक्ट्रिकल<br>Electrical | 02 | (अना.-01, अ.पि.व.-01<br>UR-01, OBC-01) | किसी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा**/** First Class Diploma in Electrical Engineering from a recognized State Board. | |
| 13 | फोटोग्राफी/सिनेमैटोग्राफी<br>Photography/ Cinematography | 02 | (अना.-01,अ.जा.-01)<br>(UR-01, SC-01)<br>**[कुल 02 रिक्तियों में से 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी.– एच.एच. के लिए आरक्षित है] [Out of total 02 vacancies, 01 vacancy is reserved for PwBD – HH**] | किसी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से फोटोग्राफी/सिनेमैटोग्राफी में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा। First Class Diploma in Photography/ Cinematography from a recognized State Board. | |

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | अना.रक्षित/ आरक्षित के लिए Unreserved/ Reserved for | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता एवं अनुभव Essential Minimum Qualification & Experience | कार्य का सांकेतिक क्षेत्र/कार्य विशिष्टता Indicative area of work / Job Specification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/Name of the Post : वैज्ञानिक सहायक/ Scientific Assistant** | | | | | | |
| 14 | सूक्ष्मजीवविज्ञान Microbiology | 01 | ई.डब्ल्यू. एस.-01 EWS-01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सूक्ष्मजीवविज्ञान में प्रथम श्रेणी में स्नातक बी.एससी. / First Class Graduate B.Sc. in Microbiology from a recognized University / Institution. | माइक्रोग्रैविटी पर्यावरण (मानव/प्राणी/वनस्पति) के लिए विभिन्न जैविक प्रयोगों के अध्ययन, डिजाइन और योग्यता में योगदान, जैविक पेलोड इंटरफेसिंग के लिए प्रोटोकॉल का विकास, प्राप्त जैविक डेटा का विश्लेषण, जैव-संदूषण नियंत्रण उपायों का विकास और मूल्यांकन, बाँझ बनाए रखने में योगदान और चालक दल के मिशनों में सुरक्षित वातावरण। Contribute to study, design and qualification of various biological experiments for microgravity environment (human/zoological/botanical), development of protocols for biological payload interfacing, analysis of acquired biological data, develop and assess bio-contamination control measures, contribute to maintaining a sterile and safe environment in crewed missions. | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित) Written Test + Skill Test (Curriculum based)** |

**नोट/Note: ऊपर निर्दिष्ट कार्य का सांकेतिक क्षेत्र/कार्य विशिष्टता संपूर्ण नहीं है/ Indicative area of work/ Job Specification specified above is not exhaustive.**

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | आरक्षण ब्यौरा Reservation Details | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता Essential minimum qualification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/ Name of the Post : तकनीशियन -बी/Technician-B** | | | | | |
| 15 | फिट्टर/ Fitter | 22 | (अना.-10, अ.पि.व.-06, अ.जा.-03, अ.ज.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-02)/ (UR-10, OBC-06, SC- | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से फिट्टर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Fitter trade from | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 03, ST-01, EWS- 02) **[कुल 22 रिक्तियों में से, 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी .– ओ.एच. के लिए आरक्षित है। कार्य के लिए उपयुक्त विकलांगों की श्रेणियाँ-एक पैर-ओ.एल.; दोनों पैर-बी.एल.)] [Out of total 22 vacancies, 01 vacancy is reserved for PwBD – OH**. **Categories of Disabled suitable for the Job–One Leg–OL; Both Leg-BL)]** | NCVT. | **Written Test + Skill Test / (Curriculum based)** |
| 16 | इलेक्ट्रॉनिक मेकैनिक Electronic Mechanic | 12 | (अना.-07, अ.पि.व.- 02, अ.जा.- 02, ई.डब्ल्यू.एस.- 01) (UR-07, OBC-02, SC-02, EWS- 01) **[कुल 12 रिक्तियों में से, 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी. – एच.एच. के लिए आरक्षित है] [Out of total 12 vacancies, 01 vacancy is reserved for PwBD – HH]** | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से इलेक्ट्रॉनिक मेकैनिक ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./ एन.ए.सी. SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Electronic Mechanic trade from NCVT | |
| 17 | वतानुकूलन (ए.सी.) / AC and Refrigeration | 01 | (अना.-01/ UR-01) | एस.एस.एल.सी. / एस.एस.सी. / मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से वतानुकूलन (ए.सी.) और रेफ्रिजरेशन ट्रेड में आई.टी.आई. / एन.टी.सी. / एन.ए.सी. SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | / NTC / NAC in AC and Refrigeration trade from NCVT. | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित) Written Test + Skill Test (Curriculum based)** |
| 18 | वेल्डर Welder | 02 | (अना.-01) (अ.पि.व.- 01) (UR-01, OBC-01) | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से वेल्डर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी. SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Welder trade from NCVT. | |
| 19 | मशीनिस्ट Machinist | 01 | (अना.-01) (UR-01) | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से मशीनिस्ट ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी. SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Machinist trade from NCVT. | |
| 20 | इलेक्ट्रिकल Electrical | 03 | (अना.-02, अ.जा.-01) (UR-02, SC-01) | एस.एस.एल.सी. / एस.एस.सी. / मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से इलेक्ट्रिकल ट्रेड में आई.टी.आई. / एन.टी.सी. / एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Electrical trade from NCVT. | |
| 21 | टर्नर/Turner | 01 | (अना.-01) (UR-01) | एस.एस.एल.सी. / एस.एस.सी. / मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से टर्नर ट्रेड में आई.टी.आई. / एन.टी.सी. / एन.ए.सी./ SSLC / SSC/ Matriculation Pass + ITI / NTC /NAC in Turner trade from NCVT. | |
| 22 | ग्राइंडर Grinder | 01 | (अना.-01) (UR-01) | एस.एस.एल.सी. / एस.एस.सी. / मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से ग्राइंडर ट्रेड में आई.टी.आई. / एन.टी.सी. / एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Grinder trade from NCVT. | |

| **पद कोड/ Post Code** | **विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field** | **रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies)** | **आरक्षण ब्यौरा Reservation Details** | **अनिवार्य न्यूनतम अर्हता Essential minimum qualification** | **चयन का माध्यम Mode of Selection** |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/Name of the Post : नक्शानवीज़-बी/Draughtsman-B** | | | | | |
| 23 | नक्शानवीज़-मेकैनिकल Draughtsman–Mechanical | 09 | (अना.-05, अ.पि.व.-02, अ.जा.-01, ई.डब्ल्यू.एस.-01) (UR-05, OBC-02, SC-01, EWS-01) **कुल 09 रिक्तियों में से 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी.–** | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./ मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से नक्शानवीज़-मेकैनिकल ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./ एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Draughtsman Mechanical trade from NCVT. | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित) Written Test + Skill Test (Curriculum based)** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **ओ.एच. के लिए आरक्षित है/ Out of total 09 vacancies, 01 vacancy is reserved for PwBD – OH (कार्य हेतु उपयुक्त दिव्यांग का वर्ग – एक पैर-ओ.एल; दोनों पैर-बी.एल./ Categories of Disabled suitable for the Job–One Leg–OL; Both Leg-BL)]** | | |
| 24 | नक्शानवीज़-निर्माण Draughtsman–Civil | 04 | (अना.-01, अ.पि.व.-02, अ.जा.-01) (UR-01, OBC-02, SC-01)<br><br>[उपरोक्त 04 रिक्तियों में से, 02 रिक्तियां (अना. -01 और अ.पि.व.-01) बेंगलुरु में स्थित इसरो मुख्यालय के लिए निर्दिष्ट की गई हैं] [Out of the above 04 vacancies, 02 vacancies (UR-01 & OBC-01) are identified for ISRO HQ, situated in Bengaluru] | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./ मैट्रिक उत्तीर्ण + एन.सी.वी.टी. से नक्शानवीज़-निर्माण ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./ एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in Draughtsman Civil trade from NCVT | **लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित) Written Test and Skill Test (Curriculum based)** |
| **(एच.एस.एफ.सी. के लिए अधिसूचित तकनीशियन-बी और नक्शानवीज़-बी की कुल 56 रिक्तियों में से 05 रिक्तियां भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हैं/ Out of total 56 vacancies of Technician–B and Draughtsman–B notified for HSFC, 05 vacancies are reserved for Ex-Servicemen)** | | | | | |

| पद कोड/ Post Code | विषय/ क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति की संख्या No. of Vacancy (ies) | आरक्षण ब्यौरा Reservation Details | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता Essential minimum qualification | चयन का माध्यम Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम/Name of the Post : सहायक (राजभाषा)/ Assistant (Rajbhasha)** | | | | | |
| 25 | सहायक (राजभाषा) Assistant (Rajbhasha) | 04 | (अना.-02, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01) (UR-02, OBC-01, SC-01)<br><br>{उपरोक्त 04 रिक्तियों में से, 03 रिक्तियां इसरो मुख्यालय और एम.सी.एफ.,हसन [अना.-01, अ.पि.व.-01 (बैकलॉग) और अ.जा.-01 (बैकलॉग)] और [एच.एस.एफ.सी. के लिए अना.-01 (बैकलॉग)] के लिए निर्दिष्ट की गई हैं/ Out of the above 04 vacancies, 03 vacancies are identified for ISRO HQ & MCF, Hassan [UR-01, OBC-01 (backlog) & SC-01 (backlog)] and [UR-01 for HSFC]} | न्यूनतम 60% अंकों के साथ स्नातक या 10-पॉइंट स्केल पर 6.32 का सी.जी.पी.ए.। Graduation with a minimum of 60% marks or CGPA of 6.32 on a 10-point scale. | **लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा Written Test and Skill Test** |
| 26 | सहायक (राजभाषा) Assistant (Rajbhasha) | 01 | अना.-01/ UR-01<br><br>(पद अं.वि., बेंगलुरु के लिए निर्दिष्ट है) (Post is identified for DOS, Bengaluru) | | |

<u>उपयोग उपयोग किए गए परिवर्णी शब्द / **ABBREVIATIONS USED:**</u>

**अं.वि. – अंतरिक्षविभाग, एच.एस.एफ.सी. - समानव अंतरिक्ष उड़ान केद्र, यू.आर.एस.सी. – यू.आर. राव उपग्रह केंद्र; इसरो एच.क्यू. – इसरो मुख्यालय; एम.सी.एफ. – मुख्य नियंत्रण सुविधा ; अना.-अनारक्षित; अ.पि.व. – अन्य पिछड़ा वर्ग; अ.जा. – अनुसूचित जाती; अ.ज.जा.- अनुसूचित जन जाति; ई.डब्ल्यू.एस. : आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग; पी.डब्ल्यू.बी.डी.- दिव्यांग जन [जैसे ओ.एच.- शारीरिक विकलांगता; ओ.एल. – एक पैर; बी.एल. – दोनों पैर; एच.एच. – श्रव्य विकलांगता; एल.वी.- कम दृष्टि] । विकलांगता के अंतर्गत नियुक्त अभ्यर्थियों को संबंधित वर्ग अर्थात अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ अना. ई.डब्ल्यू.एस. हेतु निर्दिष्ट/आरक्षित रिक्ति के प्रति समायोजित किया जाएगा।**

**DOS – Department of Space; HSFC – Human Space Flight Centre, URSC – UR Rao Satellite Centre; ISRO HQ – ISRO Headquarters; MCF – Master Control Facility; UR – Unreserved; OBC – Other Backward Class; SC – Scheduled Caste; ST – Scheduled Tribe; EWS: Economically Weaker Sections; PwBD – Person with Benchmark Disabilities [i.e., OH – Orthopedically Handicapped; OL – One leg; BL – Both leg; HH – Hearing Impaired; LV – Low Vision]. The candidates appointed under PwBD will be adjusted against the vacancy earmarked/ reserved for respective categories i.e., SC/ST/OBC/UR/EWS.**

**2.** पात्रता मानदंड/आयु सीमा/वेतन एवं भत्ते**/ Eligibility criteria / Age limit / Pay & Allowances:**

| पद कोड Post Codes | पद का नाम Name of the post | पात्रता मानदंड Eligibility Criteria | आयु सीमा (आवेदन की अंतिम तिथि तक) Age Limit (as on 09.10.2024) | पद का नाम और वेतन स्तर Name of the Post & Pay Level | आज की तिथि के अनुसार न्यूनतम वेतन स्तर पर अनुमानित सकल परिलब्धियाँ Approximate gross emoluments at the minimum of the pay level as on date |
|---|---|---|---|---|---|
| 01–02 | चिकित्सा अधिकारी-एस.डी./ Medical Officer – SD | मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया/स्टेट/नेशनल मेडिकल कमीशन से मान्यता प्राप्त और पंजीकृत प्रासंगिक विषय में एम.बी.बी.एस.+ एम.डी.। (एम.बी.बी.एस. में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होना आवश्यक है)<br><br>**MBBS+MD** in relevant discipline recognized and registered with Medical Council of India/State/National Medical Commission. (Pass with minimum of second class is essential in MBBS) | 18-35 वर्ष/ Years | चिकित्सा अधिकारी-एस.डी. 7वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिकस का स्तर-11 [₹ 67700 - ₹ 208700]<br><br>Medical Officer – SD Level 11 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 67700 - ₹ 208700] | ₹ 101550.00 (मूल वेतन + म.भ./ Basic Pay + DA) भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों के आधार पर प्रैक्टिसबंदी भत्ता (एन.पी.ए.) मूल वेतन के 25% की दर पर स्वीकार्य होगा। Non-Practicing Allowance (NPA) @ 25% of Basic Pay shall also be admissible subject to certain conditions prescribed by the Government of India from time to time. |
| 03 | चिकित्सा अधिकारी-एस.सी. Medical Officer – SC | एम.बी.बी.एस. + 2 वर्ष का अनुभव (एम.बी.बी.एस. योग्यता | 18-35 वर्ष/ Years | चिकित्सा अधिकारी-एस.डी./ | ₹ 84150.00 (मूल वेतन + म.भ./ Basic Pay + DA) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त और पंजीकृत होनी चाहिए। एम.बी.बी.एस. में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होना आवश्यक है)<br>**MBBS** + 2 years experience (MBBS Qualification should be recognized and registered with Medical Council of India. Pass with minimum of second class is essential in MBBS) | | 7वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-10<br>[₹56100 - ₹ 177500]<br><br>Medical Officer – SC<br>Level 10 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 56100 - ₹ 177500] | भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों के आधार पर प्रैक्टिसबंदी भत्ता (एन.पी.ए.) मूल वेतन के 25% की दर पर स्वीकार्य होगा ।<br><br>Non-Practicing Allowance (NPA) @ 25% of Basic Pay shall also be admissible subject to certain conditions prescribed by the Government of India from time to time. |
| 04–09 | वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी./ Scientist Engineer – SC | कुल न्यूनतम **60%** के साथ एम.ई./ एम.टेक या **10** अंक के पैमाने पर **6.5** की सी.जी.पी.ए.//सीपीआई ग्रेडिंग के साथ बी.ई./ बी.टेक की पूर्व-पात्रता योग्यता न्यूनतम **65% (**सभी सेमेस्टर का औसत) या सी.जी.पी.ए./ के साथ। /**10** बिंदु पैमाने पर **6.84** की सीपीआई ग्रेडिंग<br>**M.E/ M.Tech** with an aggregate minimum of **60%** or CGPA/CPI grading of **6.5** on a **10** point scale with pre-eligibility qualification of **B.E/ B.Tech** with an aggregate minimum of **65%** (**average of all semesters**) or CGPA/CPI grading of **6.84** on a **10** point scale. | 18-30 वर्ष/ Years | वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी.<br>7 वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-10<br>[₹56100 - ₹ 177500]<br><br>Scientist Engineer – SC<br>Level 10 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 56100 - ₹ 177500] | ₹ 84150.00 (मूल वेतन + म.भ./ Basic Pay + DA) |
| 10-13 | तकनीकी सहायक | किसी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से संबंधित | 18-35 वर्ष/ Years | तकनीकी सहायक 7 वें वेतन | ₹ 67350.00 (मूल वेतन + |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Technical Assistant | क्षेत्र में तीन साल की अवधि का प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा/ First Class in Diploma of three years duration in relevant field from a recognized State Board. | | आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-7 [₹44900 - ₹ 142400]<br><br>Technical Assistant Level 7 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 44900 - ₹ 142400] | म.भ./Basic Pay + DA) |
| 14 | वैज्ञानिक सहायक Scientific Assistant | मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से प्रासंगिक क्षेत्र में प्रथम श्रेणी में बी.एससी./ First Class B.Sc. in relevant field from recognized institution or university. | 18-35 वर्ष/ Years | वैज्ञानिक सहायक 7 वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-7 [₹44900 - ₹ 142400]<br><br>Scientist Assistant Level 7 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 44900 - ₹ 142400] | ₹ 67350.00 (मूल वेतन + म.भ./Basic Pay + DA) |
| 15-22 | तकनीशियन-बी Technician – B | एस.एस.एल.सी. / एस.एस.सी. / मैट्रिकुलेशन क्लास + एन.सी.वी.टी. से प्रासंगिक ट्रेड में आई.टी.आई./ एन.टी.सी./ एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in relevant trade from NCVT. | 18-35 वर्ष/ Years | तकनीशियन-बी 7 वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-3 [₹21700 - ₹ 69100]<br><br>Technician – B Level 3 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 21700 - ₹ 69100] | ₹ 32550.00 (मूल वेतन + म.भ./Basic Pay + DA) |
| 23-24 | नक्शानवीज़-बी Draughtsman-B | एस.एस.एल.सी. / एस.एस.सी. / मैट्रिकुलेशन क्लास + एन.सी.वी.टी. से नक्शानवीज़ ट्रेड में आई.टी.आई. / एन.टी.सी. / एन.ए.सी./ SSLC / SSC / Matriculation Pass + ITI / NTC / NAC in relevant Draughtsman trade from NCVT. | 18-35 वर्ष/ Years | नक्शानवीज़-बी 7 वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-3 [₹21700 - ₹ 69100]<br>Draughtsman – B<br>Level 3 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 21700 - ₹ 69100] | ₹ 32550.00 (मूल वेतन + म.भ./Basic Pay + DA) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25-26 | सहायक (राजभाषा) Assistant (Rajbhasha) | ❖ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा घोषित 10-प्वाइंट स्केल पर न्यूनतम 60% अंकों या 6.32 के सी.जी.पी.ए./ के साथ स्नातक, एक पूर्व-आवश्यक शर्त के साथ कि स्नातक डिग्री निर्धारित समय के भीतर यानी पाठ्यक्रम की अवधि के भीतर पूरी की गई हो जैसा कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया गया हो/ Graduation with a minimum of 60% marks or CGPA of 6.32 on a 10-point scale as declared by any recognized University, with a pre-requisite condition that the graduation should have been completed within the stipulated time i.e., within the duration of the course as prescribed by the University;<br>❖ कंप्यूटर पर हिंदी टंकण गति 25 शब्द प्रति मिनट की दर से/ Hindi Typewriting speed @ 25 words per minute on computer;<br>❖ कंप्यूटर के उपयोग में प्रवीणता/ Proficiency in the use of Computers;<br>❖ अंग्रेजी टाइपराइटिंग का ज्ञान (वांछनीय योग्यता)/ Knowledge in English Typewriting (desirable qualification). | 18-28 वर्ष/Years | सहायक(राजभाषा) 7 वें वेतन आयोग के अनुसार, वेतन मैट्रिक्स का स्तर-4 [₹25500 - ₹ 81100]<br><br>Assistant (Rajbhasha) Level 4 of the Pay Matrix as per 7th CPC [₹ 25500 - ₹ 81100] | ₹ 38250.00 (मूल वेतन + म.भ./Basic Pay + DA) |

**नोट / Note:**

**Educational Qualification**

Post Codes 04 – 09:

i. आवश्यक योग्यताएं विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पाठ्यक्रम की निर्धारित अवधि के भीतर पूरी की जानी चाहिए। जहां कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाण पत्र या समेकित मार्कशीट में सी.जी.पी.ए./ और अंकों के प्रतिशत दोनों का उल्लेख करता है, तो अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों के अनुसार कम-से-कम एक मानदंड (या तो सी.जी.पी.ए./ (या) प्रतिशत) पूरा होना चाहिए। The Essential Qualifications should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University. Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark sheet, then at least one criteria (either CGPA (or) percentage) should meet as per DOS/ ISRO's eligibility norms.

ii. जहां कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाण पत्र या समेकित मार्कशीट में केवल सी.जी.पी.ए./ का उल्लेख करता है, तो उस प्रकार उल्लिखित सी.जी.पी.ए./ को आवश्यक रूप से अं.वि./इसरो की पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए। पात्रता निर्धारित करने के लिए सी.जी.पी.ए./ को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है, भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा कोई रूपांतरण फार्मूला निर्धारित किया गया हो। यही मानदंड ऐसे मामलों में भी यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होते हैं जहां डिग्री प्रमाण पत्र / समेकित अंक तालिका में केवल अंकों का प्रतिशत ही उल्लिखित होता है। Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/ Institution concerned. The same criteria apply mutatis-mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in the Degree Certificate / Consolidated Mark sheet.

पद कोड/Post Codes 25 – 26:

दोहरे/एकीकृत डिग्री कार्यक्रमों के मामले में/In case of Dual/Integrated Degree programmes:

i. जहां दोहरे/एकीकृत डिग्री प्रमाणपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए.//प्रतिशत का अलग-अलग उल्लेख किया गया है, वहां स्नातक स्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत की गणना की जाएगी/Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in the Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/Percentage for the graduation level will be reckoned;

ii. जहां अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू एक सामान्य सी.जी.पी.ए.//प्रतिशत ही दोहरे/एकीकृत डिग्री प्रमाणपत्र में उल्लिखित है, अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू दोहरे/एकीकृत डिग्री प्रमाणपत्र में उल्लिखित अंतिम सी.जी.पी.ए./प्रतिशत को पात्रता तय करने के लिए गिना जाएगा/Where a common CGPA/Percentage applicable for the entire course of study is only mentioned in the Dual/Integrated Degree Certificate, the final CGPA/Percentage as mentioned in the Dual/Integrated degree Certificate as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;

iii. जहां कोई विश्वविद्यालय अपने दोहरे/एकीकृत डिग्री प्रमाणपत्रों में कोई सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, वहां संपूर्ण अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए लागू अंतिम/समेकित मार्कशीट के अनुसार संचयी सी.जी.पी.ए./प्रतिशत को पात्रता तय करने के लिए माना जाएगा/Where a University does not prescribe any CGPA/Percentage in its Dual/Integrated Degree certificates, the cumulative CGPA/Percentage as per Final/ Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;

iv. उपरोक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे, चाहे विश्वविद्यालय/संस्थान अपने दोहरे/एकीकृत डिग्री प्रमाणपत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निकालने के लिए कोई सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं।The criteria above will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/Percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual/ Integrated

Degree Certificate;

v. जहां कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाण पत्र या समेकित मार्कशीट में सी.जी.पी.ए./ और अंकों का प्रतिशत दोनों का उल्लेख करता है, तो कम-से-कम एक मानदंड (या तो सी.जी.पी.ए./ या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो।Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark Sheet, then at least one criteria (either CGPA or percentage) should meet DOS/ISRO's eligibility norms;

vi. जहां कोई विश्वविद्यालय अपने डिग्री प्रमाण पत्र या समेकित मार्कशीट में केवल सीजीपीए का उल्लेख करता है, तो उल्लिखित सीजीपीए को अनिवार्य रूप से अं.वि./इसरो की पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए। पात्रता निर्धारित करने के लिए सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है, भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा कोई रूपांतरण फार्मूला निर्धारित किया गया हो। यही मानदंड यथावश्यक परिवर्तनों सहित उन मामलों में लागू होते हैं जहां डिग्री प्रमाण पत्र/समेकित मार्कशीट पर केवल अंकों का प्रतिशत ही उल्लिखित होता है। Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark Sheet, then the CGPA as mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis-mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned on the Degree Certificate/ Consolidated Mark Sheet.

**<u>आयु सीमा/ Age Limit</u>**

जहां भी संबंधित वर्ग के लिए पद आरक्षित हैं, वहाँ अन.जा. एवं अनु. ज.जा. के अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा + 5 वर्ष और अ.पि.व. के लिए + 3 वर्ष है / For SC and ST Candidates upper age limit + 5 Years and for OBC candidates upper age limit + 3 Years, where posts are reserved in respective categories.

**भूतपूर्व सैनिक; दिव्यांग जन (पी.डब्ल्यू.डी.); केंद्र सरकारी कर्मचारी; विधवा; तलाकशुदा महिला एवं कानूनी तौर पर अपने पति से अलग हुई महिला और जिसने पुनर्विवाह न किया हो भारत सरकार के आदेशानुसार आयु में छूट के हकदार हैं।** आयु सीमा में छूट की माँग करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्रधिकरण द्वारा जारी संबद्ध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए/ **Ex-Servicemen; Persons with Benchmark Disabilities (PwBD); Central Govt. servants; Widows; Divorced Women and Women judicially separated from their husbands and who are not remarried are eligible for age relaxation as per the extant Govt. of India orders.** Candidates seeking upper age relaxation should produce relevant Certificate as issued by the Competent Authorities.

**<u>उपरोक्त पदों हेतु वेतन एवं भत्ते/ Pay and Allowances for the above posts:</u>**

नियुक्त कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। सकल परिलब्धियों के अलावा , इसरो द्वारा निःशुल्क परिवहन (अथवा परिवहन भत्ता), सीमित आवासीय सुविधा (अथवा मकान किराया भत्ता), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, इत्यादि और रियायती दर पर कैंटीन सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं । साथ ही, इसरो अपने कार्मिकों एवं पात्र आश्रितों को चिकित्सा सुविधा भी प्रदान करता है / The employees appointed will be governed by the National Pension System. In addition to the Gross emoluments specified, ISRO provides free transport (or) Transport Allowance, limited housing facility (or) House Rent Allowance etc., Leave Travel Concession, Group Insurance, etc., and extends subsidized canteen facilities. ISRO also provides attractive medical benefits to its employees and eligible dependents.

**3. <u>आवेदन कैसे करें/ How to apply:</u>**

a. ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in पर 19.09.2024 – 09.10.2024 में उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत करने के लिए 19.09.2024 – 09.10.2024 में हमारी वेबसाइट www.isro.gov.in देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही प्राप्त किए जाएंगे। **पंजीकरण के पश्चात आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य में संदर्भ**

**के लिए संभाल कर रखा जाना चाहिए।**
The application for online registration will be hosted in the ISRO web-site www.isro.gov.in during the period from 19.09.2024 to 09.10.2024. Candidates may visit our website to register their applications online between 19.09.2024 to 09.10.2024. **Applications received online only will be considered. Upon registration, applicants will be provided with an online Registration Number, which should be carefully preserved for future reference.**

b. अभ्यर्थी को आगे का सभी पत्राचार केवल उसकी पंजीकृत ई-मेल आई.डी./एच.एस.एफ.सी. वेबसाइट के माध्यम से होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल (स्पैम/जंक फ़ोल्डर्स सहित) नियमित रूप से देखें और समय-समय पर एच.एस.एफ.सी. की वेबसाइट भी देखें। जैसा कि ऊपर कहा गया है, भेजी गई/प्रदान की गई किसी भी सूचना के न मिलने के लिए एच.एस.एफ.सी. जिम्मेदार नहीं होगा और इस मामले में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा/ All further communications to the candidate shall be through his / her registered e-mail ID / HSFC website only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/ junk folders) regularly and visit HSFC website from time to time. HSFC will not be responsible for non-receipt of any intimation sent / provided as aforesaid, and no representation on the matter will be entertained.

c. आवेदक द्वारा अपना ई-मेल आई.डी. ऑनलाइन आवेदन में सही और अनिवार्य रूप से दिया जाना चाहिए। (लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा हेतु चयन किए गए अभ्यर्थियों को हाल टिकट/बुलावा पत्र ई-मेल द्वारा ही भेजे जाएंगे)
E-mail ID of the applicant will have to be provided in the online application correctly and compulsorily (Hall tickets / Call letters for written test / skill test for those screened–in will be sent by e-mail only).
ऐसे अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाईयों या स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, उनको ऑनलाइन आवेदन के साथ संबंधित नियोक्ता से प्राप्त ' अनापत्ति प्रमाण-पत्र', पर पंजीकरण संख्या तथा पद कोड दर्शाते हुए, व. प्रशासन अधिकारी, समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र, अंतरिक्ष भवन, न्यू. बी.ई.एल. रोड, बेंगलूरु – 560 094, को ऑनलाइन आवेदन करने के सात दिनों के अंदर भेजना होगा।
The candidates who are already employed under Central / State Govt. / PSU / Autonomous Bodies etc. have to send a 'No Objection Certificate' from the employer concerned, duly indicating their Registration Number and Post Code to the Senior Administrative Officer, Human Space Flight Centre, Antariksh Bhavan, New BEL Road, Bengaluru - 560 094, within 7 days from the date of applying.

**4. वृत्ति प्रगति/ Career Progression:**

इसरो अपनी प्रगतिशील 'मेरिट प्रमोशन स्कीम' के तहत वृत्ति प्रगति के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जिसमें उच्च स्तर पर पदोन्नति को वैज्ञानिक और तकनीकी पदों के संबंध में रिक्ति की उपलब्धता से अलग किया गया है। समय-समय पर योग्यता आधारित कार्य-निष्पादनद की समीक्षा प्रणाली के माध्यम से मेधावी अभ्यर्थी पदानुक्रम में ऊपर उठ सकते हैं/ ISRO provides excellent opportunities for Career growth under its progressive `Merit Promotion Scheme' wherein Promotion to higher levels is delinked from availability of vacancy in respect of Scientific & Technical posts. Meritorious candidates can rise in hierarchy through the periodic Merit Based Performance Review system.

**5. आवेदन शुल्क का भुगतान/ Payment of Application Fee:**

a. पद कोड 01-14 के लिए ₹ 250/- (दो सौ पचास रुपये मात्र) का गैर-वापसी आवेदन शुल्क है। हालाँकि, शुरुआत में सभी अभ्यर्थियों को प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में प्रति आवेदन समान रूप से **₹ 750/- (सात सौ पचास रुपये मात्र)** का भुगतान करना होगा। प्रोसेसिंग शुल्क केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को वापस किया जाएगा जो निम्नानुसार लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होंगे: -
There is a non-refundable Application Fee of ₹ 250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only) for the post codes 01-14. However, initially all candidates have to uniformly pay ₹ **750/- (Rupees Seven Hundred and Fifty only)** per application as processing fee. The processing fee will be refunded only to those candidates who appear in the written test/ Interview as under: -

   i. ₹750/-: यानी उन अभ्यर्थियों के लिए पूरा रिफंड, जिन्हें आवेदन शुल्क (महिला, अ.जा/अ.ज.जा./ पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व सैनिक) के भुगतान से छूट दी गई है/ ₹750/-: i.e refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD, Ex-Servicemen).
   ii. ₹500/-: यानी अन्य सभी अभ्यर्थियों के संबंध में आवेदन शुल्क काटने के बाद/ ₹500/-: i.e after deducting the Application Fee in respect of all other candidates.

b. पद कोड 15-26 के लिए ₹ 100/- (एक सौ रुपये मात्र) का गैर-वापसी आवेदन शुल्क है। हालाँकि, शुरुआत में सभी अभ्यर्थियों को प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में प्रति आवेदन समान रूप से **₹ 500/- (केवल पांच सौ रुपये)** का भुगतान करना होगा। प्रोसेसिंग शुल्क केवल लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नानुसार वापस किया जाएगा: -
There is a non-refundable Application Fee of ₹ 100/- (Rupees One Hundred only) for the post codes 15-26. However, initially all candidates have to uniformly pay ₹ **500/- (Rupees Five Hundred only)** per application as processing fee. The processing fee will be refunded only to candidates who appear in the written test, as under: -

   i. ₹500/-: यानी उन अभ्यर्थियों के लिए पूरा रिफंड, जिन्हें आवेदन शुल्क (महिला, अ.जा/अ.ज.जा./ पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व सैनिक) के भुगतान से छूट दी गई है/ ₹500/-: i.e., refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD, Ex-Servicemen).
   ii. ₹400/-: यानी अन्य सभी अभ्यर्थियों के संबंध में आवेदन शुल्क काटने के बाद/ ₹400/-: i.e., after deducting the Application Fee in respect of all other candidates.

c. आवेदन शुल्क एस.बी.आई. के ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही ऑनलाइन मोड में प्राप्त किया जाएगा और भुगतान करने का लिंक ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर दिखाई देगा। शुल्क का भुगतान निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का उपयोग करके किया जा सकता है:/ The Application fee will be collected only through Online mode vide SBI e-Payment gateway and the link for making the payment will appear on submission of the online application. The fee can be paid using any one of the following modes:

   - इंटरनेट बैंकिंग / Internet Banking
   - एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (UPI)/ Unified Payment Interface (UPI)
   - डेबिट कार्ड (घरेलू)/ Debit Cards (Domestic)
   - क्रेडिट कार्ड (घरेलू)/ Credit Cards (Domestic)

**किसी अन्य रूप में आवेदन शुल्क का भुगतान करने जैसे नकद प्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनी ऑर्डर, आई.पी.ओ. इत्यादि की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा/ Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) no other mode of payment will be accepted.**

d. आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए सभी लागू सेवा शुल्क आवेदक द्वारा वहन किए जाएँगे। डिफ़ॉल्ट रूप से, रिफंड केवल मूल भुगतान विधि से ही किया जाएगा। परंतु, मूल भुगतान विधि में किसी भी विफलता के मामले में, अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में दिए गए बैंक खाते में रिफंड किया जाएगा। इसलिए, प्रासेसिंग शुल्क की वापसी की प्राप्ति के लिए अभ्यर्थियों को अपने बैंक खाते का विवरण सही ढंग से दर्ज करना होगा। **कृपया ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं होता है तो रिफंड पर विचार नहीं किया जाएगा/** All applicable Service Charges for payment of Application fee shall be borne by the Applicant. By default, refund shall be made to the original payment method only. However, in case of any failure with the original payment method, refund shall be made to the bank account details provided by the candidate in the application. Hence, Candidates shall enter their Bank Account details correctly for receipt of refund of processing fee. **Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test/ Interview.**

e. **ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थी व्यक्तिगत पंजीकरण पुष्टिकरण फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं जिसमें भविष्य के संदर्भ के लिए अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, विज्ञापन संख्या और पद कोड शामिल होगा/ After registration of application online, the candidates may download the personalized registration confirmation form which will contain the Name of Candidate, Registration No., Advertisement No. and Post Code for future reference.**

**06. दस्तावेज़ अपलोड करना/ Uploading of Documents:**

a. अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट प्रतियाँ / स्कैन की गई प्रतियाँ अपलोड करना आवश्यक है, अन्यथा उनके आवेदन खारिज कर दिए जाएंगे। (ऑनलाइन आवेदन भरते समय, अपलोड करने के लिए नीचे दिए गए दस्तावेजों को आसानी से उपलब्ध रखने की सलाह दी जाती है) Candidates are required to upload clear images / scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected. (While filling up online application, it is advisable to keep the below mentioned documents readily available to upload the same).

i. नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (6 महीने से अधिक पुराना नहीं) केवल jpg (या) jpeg प्रारूप में (आकार 50 KB से 100 KB के बीच और आयाम 110 * 140px होना चाहिए)/ Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) in jpg (or) jpeg format only (Size between 50 KB to 100 KB & dimensions should be 110*140px)

ii. केवल JPG (या) JPEG प्रारूप में हस्ताक्षर (आकार 50 KB से 100 KB के बीच और आयाम 200*50px होना चाहिए)/ Signature-in JPG **(or)** JPEG format only (Size between 50 KB to 100 KB & dimensions should be 200*50px)

iii. सभी आवश्यक योग्यता प्रमाण पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र/ All the required Essential Qualification certificates and Experience certificates.

iv. निर्धारित प्रारूप में ई.डब्ल्यू.एस. के लिए अ.पि.व. / आय और संपत्ति प्रमाण पत्र/ OBC / Income and Asset Certificate for EWS in the prescribed format.

v. प्रोसेसिंग शुल्क की पूरी वापसी के लिए लागू अ.जा/अ.ज.जा./विकलांगता/भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र (कोई एक प्रमाण पत्र) / SC/ST/Disability/Ex-servicemen certificates applicable for full refund of processing Fee (any one certificate).

**नोट/ Note:**

a) अभ्यर्थी की पहचान के लिए अपलोड किया गया फोटो बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। इसी प्रकार, अपलोड किए गए

हस्ताक्षर स्पष्ट और सुपाठ्य होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में इन आवश्यकताओं को पूरा न करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी/ The Photograph uploaded should be very clear to identify the candidate. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to cancellation of candidature.

b) अपेक्षित दस्तावेज़ अपलोड किए बिना जमा किए गए आवेदन अमान्य माने जाएंगे/ Applications submitted without uploading the requisite documents will be treated as Invalid.

c) अभ्यर्थियों को, जब भी माँगा जाए, पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, नवीनतम जाति प्रमाण पत्र (यानी अ.जा/अ.ज.जा./ अ.पि.व.), आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ई.डब्ल्यू.एस.) को आय और संपत्ति प्रमाण पत्र, पूर्व सैनिकों को डिस्चार्ज प्रमाण पत्र और पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों को विकलांगता प्रमाण पत्र के संबंध में विवरण का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा / Candidates will have to produce proof of details regarding educational qualification prescribed for the post, latest caste certificate (i.e.SC/ST/OBC), Income and Asset Certificate for Economically Weaker Sections (EWS), Discharge certificate for Ex-Servicemen and Disability Certificate for PwBD candidates as and when called for.

d) अपलोड किए गए दस्तावेज़ों का कौशल परीक्षण/साक्षात्कार के दौरान सत्यापित किया जाएगा और केवल लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षण/साक्षात्कार में शामिल होने से उन्हें चयन के लिए पात्रता नहीं मिल जाएगी/ The documents uploaded will be verified during Skill Test / Interview and mere admission to appear for written examination / skill test/ Interview will not bestow eligibility for selection.

## 07. चयन प्रकिया/ Selection Process:

| क्र. सं. Sl. No. | Name of the Post | पद कोड (S)/ Post Code(s) | चयन का माध्यम Mode of selection |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी - एस.डी. Medical Officer – SD | 01 – 02 | स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार Screening & Interview |
| 2 | चिकित्सा अधिकारी - एस.सी. Medical Officer – SC | 03 | स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार Screening & Interview |
| 3 | वैज्ञानिक अभियंता - एस.सी. Scientist Engineer – SC | 04 – 09 | लिखित परीक्षा + साक्षात्कार Written Test + Interview |
| 4 | तकनीकीसहायक Technical Assistant | 10 – 13 | लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test |
| 5 | वैज्ञानिक सहायक Scientific Assistant | 14 | लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test |
| 6 | तकनीवियन-बी/Technician – B | 15 – 22 | लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test |
| 7 | नक्शानवीज़-बी. Draughtsman – B | 23 – 24 | लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test |
| 8 | सहायक (राजभाषा) Assistant (Rajbhasha) | 25 – 26 | लिखित परीक्षा + कौशल परीक्षा Written Test + Skill Test |

**नोटNote:**

1. लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, आम तौर पर 1:5 के अनुपात में, श्रेणी-वार रिक्तियों की संख्या के अनुसार न्यूनतम 10 अभ्यर्थी होंगे/ Based on the performance in the Written Test, candidates will be shortlisted for Interview / Skill Test, generally in

1:5 ratio with a minimum of 10 candidates to the category-wise number of vacancies.

2. पद कोड 04-09 के संबंध में अंतिम पैनल तैयार करने के लिए, लिखित परीक्षा के अंकों को 50% वेटेज और साक्षात्कार के अंकों को 50% वेटेज दिया जाएगा/ For generation of the final panel in respect of post codes 04 – 09, 50% weightage shall be given to Written Test marks and 50% weightage to interview marks.

3. चिकित्सा अधिकारी-'एस.डी.'/'एस.सी.' पदों के लिए, शॉर्ट लिस्टिंग उद्देश्य के लिए एक लिखित परीक्षा आवश्यकता के आधार पर आयोजित की जा सकती है। अंतिम चयन पूरी तरह से साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा/ For Medical Officer –'SD' /'SC' posts, a written Test purely for short listing purpose may be conducted on need basis. The final selection will be solely based on marks scored in the interview.

**i.** **<u>प्रश्न पत्र टेम्पलेट/ Question paper Template</u>:**

**वैज्ञानिक अभियंता– एस.सी. के लिए पद/ For Scientist Engineer – SC posts**

| वर्ग /Category | विवरण Description | एम.टेक भर्तियां/ M.Tech recruitments |
|---|---|---|
| **<u>भाग/ Part-A</u>**<br>क्षेत्र/विषय विशिष्ट भाग<br>Area/Discipline Specific part | अवधि/ Duration | 75 मिनट/minutes |
| | कुल अंक / Total Marks | 60 अंक/ Marks<br>(प्रत्येक सही उत्तर के लिए +1 और -1/3 ग़लत उत्तर के लिए)<br>(+1 for each correct answer & -1/3 for incorrect answer) |
| | प्रश्न का प्रकार Type of Question | बहुविकल्पीय प्रश्न (एम.सी.क्यू.)<br>Multiple Choice Question (MCQ) |
| | प्रश्न की संख्या No. of Question | 60 |
| | नमूना/ Pattern | 40% प्रश्न बी.ई./बी.टेक. पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे और 60% प्रश्न एम.टेक पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे/<br>40% of questions shall be based on BE/ B.Tech syllabus and 60% of the questions shall be based on M.Tech syllabus. |
| **<u>भाग/ Part-B</u>**<br>योग्यता/क्षमता परीक्षण<br>Aptitude/Ability Tests | अवधि/Duration | 30 मिनट/minutes |
| | कुल अंक/ Total Marks | 20 अंक/ marks (नकारात्मक अंकन लागू नहीं है)/ (Negative marking is not applicable) |
| | प्रश्न का प्रकार Type of Question | बहुविकल्पीय प्रश्न (एम.सी.क्यू.)<br>Multiple Choice Question (MCQ) |
| | प्रश्न की संख्या No. of Question | अधिकतम/ Maximum 15 |
| | नमूना/Pattern | योग्यता/क्षमता परीक्षण (संख्यात्मक तर्क, |

| | | |
|---|---|---|
| | | तार्किक तर्क, आरेखीय तर्क, सार तर्क और निगमनात्मक तर्क)/ Aptitude/ Ability Tests (Numerical Reasoning, Logical Reasoning, Diagrammatic Reasoning, Abstract Reasoning & Deductive Reasoning). |
| **भाग/ Part-C**<br>वर्णनात्मक प्रश्न<br>Descriptive questions | Duration | 30 मिनट/minutes |
| | कुल अंक/ Total Marks | 20 अंक/ marks (नकारात्मक अंकन लागू नहीं है)/ (Negative marking is not applicable) |
| | प्रश्न का प्रकार<br>Type of question | मुख्य विशेषज्ञता/विषय से संबंधित तकनीकी प्रश्न केवल विज्ञापन में अधिसूचित हैं। (हस्तलिखित)/ Technical question/s relevant to main specialization/discipline notified in the advertisement only. (Handwritten) |
| **कुल अंक/ Total Marks** | | **100 अंक/ Marks** |

**उत्तीर्ण होने के लिए मानदंड/ Pass Criteria:**

| श्रेणी/ Category | लिखित परीक्षा / Written Test | साक्षात्कार Interview | योग्यता मानदंड Qualifying Criteria |
|---|---|---|---|
| एम.टेक आधारित भर्ती M.Tech based Recruitment | भाग ए, बी. और सी. में प्रत्येक में 50%<br>50% each in Part A, B &C | 50/100 अंक /Marks | कुल/ Aggregate 60% |
| एम.टेक आधारित भर्ती (आरक्षित अभ्यर्थी, केवल तभी जब कोई पद आरक्षित हो)/ M.Tech based recruitment (Reserved candidates, only if a post is reserved) | भाग-ए, बी और सी में प्रत्येक में 40% / 40% each in Part-A, B & C | 40/100 अंक/Marks | कुल/ Aggregate 50% |

लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थी को न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों के साथ 1:5 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। अंतिम पैनल तैयार करने के दौरान टाई होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों की पारस्परिक योग्यता आवश्यकता के आधार पर एक-के-बाद-एक निम्नलिखित टाई-ब्रेकर के आधार पर तय की जाएगी/ Based on performance in written test, candidate will be shortlisted for interview in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates. In the event of tie during final empanelment, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers one after the other on need basis:

(a) लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक/ Marks scored in the Written Test;
(b) पद के लिए अधिसूचित आवश्यक योग्यता में प्राप्त अंक/ Marks scored in essential qualification notified for the Post;
(c) जन्मतिथि, अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को आगे रखा जाएगा/ Date of Birth, with older candidates placed higher.

ii. **वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक श्रेणी और तकनीशियन/नक्शानवीज़ श्रेणी Scientific/Technical Assistant category & Technician/Draughtsman category:**

| श्रेणी/ Category | लिखित परीक्षा/ Written Test | कौशल परीक्षण/ Skill Test |
|---|---|---|
| तकनीकी/वैज्ञानिक सहायक Technical/ Scientific Assistant | 90 मिनट में 80 एम.सी.क्यू. / 80 MCQs in 90 minutes (प्रत्येक सही उत्तर के लिए +1 और गलत उत्तर के लिए -1/3) (+1 for each correct answer & -1/3 for incorrect answer) | केवल योग्यता प्रकृति (100 अंकों के लिए आयोजित की जाएगी) Qualifying nature only (will be conducted for 100 marks) |
| तकनीशियन-बी./नक्शानवीज़ – बी. Technician-B/ Draughtsman-B | | |

**उत्तीर्ण होने के लिए मानदंड/ Pass Criteria:**

| श्रेणी / Category | लिखित परीक्षा/ Written Test | कौशल परीक्षण/ Skill Test |
|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थी Un-reserved candidates | 32/80 अंक/Marks | 50/100 अंक/Marks |
| आरक्षित अभ्यर्थी, केवल तभी जब कोई पद आरक्षित हो Reserved candidates, only if a post is reserved | 24/80 अंक/Marks | 40/100 अंक/Marks |

**लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम/ Syllabus for Written Test**: लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या आधारित होगा। लिखित परीक्षा इस तरह से आयोजित की जाएगी कि पाठ्यक्रम की व्यपकता और गहराई दोनों को कवर करते हुए अभ्यर्थी के सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा/ The syllabus for written test shall be curriculum based. The Written Test will be conducted in such a way that the theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both the breadth and depth of the curriculum.

**कौशल परीक्षण/ Skill Test**: कौशल परीक्षा पूरी तरह से 'गो-नो-गो' आधार पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को चयन के लिए नहीं माना जाएगा। कौशल परीक्षा का मूल्यांकन योग्यता के लिए न्यूनतम 50% (अना.) या 40% (आरक्षित पद) के साथ 100 अंक के पैमाने पर किया जाएगा। अंतिम चयन, योग्य अभ्यर्थियों के बीच, पद कोड 10-24 के लिए पूरी तरह से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। न्यूनतम 50% (अना.) या 40% (आरक्षित पद) अंकों के साथ कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से, अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के आधार पर, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में पैनल तैयार किया जाएगा/ Skill Test will be purely on go-no-go basis and marks obtained in the Skill Test shall not be considered for selection. The Skill Test will be evaluated on 100 points scale with minimum of 50% (UR) or 40% (reserved posts) for qualification. The final selection will be done, amongst qualified candidates, purely on the basis of marks obtained in the Written Test for post codes 10-24. From amongst the candidates who qualify in the Skill Test with minimum 50% (UR) or 40% (reserved posts) marks, empanelment shall be done in the order of marks obtained in the Written Test, subject to number of vacancies notified.

लिखित परीक्षा के अंक बराबर होने की स्थिति में, आवश्यकता के आधार पर निम्नलिखित टाई-ब्रेकर एक-के-बाद-एक लागू किए जाएंगे: In case of tie in the Written Test marks, the following tie-breakers will be applied one after the other on need basis:

(i) अधिसूचित योग्यताओं के शैक्षणिक अंक/ Academic scores of notified qualifications;

(ii) 10वीं कक्षा/ एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./ मैट्रिकुलेशन में प्राप्त अंकों को दूसरे टाई ब्रेकर के रूप में उपयोग किया

जाएगा/ Marks obtained in 10th Standard/SSC/SSLC/Matriculation shall be used as the second tie breaker.

**iii. सहायक (राजभाषा)/ Assistant (Rajbhasha)**:

| | |
|---|---|
| 1 | **लिखित परीक्षा/ Written Test**<br>120 मिनट की अवधि में 200 प्रश्नों वाला वस्तुनिष्ठ प्रकार का परीक्षण। (प्रत्येक सही उत्तर के लिए +1 और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए -0.25)/ Objective type test of 200 questions of 120 minutes duration. (+1 for each correct answer & -0.25 for each incorrect answer).<br>भाग/ Part A: हिंदी भाषा एवं व्याकरण – 50 प्रश्न/ Hindi language & grammar – 50 questions<br>भाग/ Part B: सामान्य अंग्रेजी – 50 प्रश्न/ General English – 50 questions<br>भाग/ Part C: मात्रात्मक योग्यता और सामान्य ज्ञान – 50 प्रश्न/ Quantitative Aptitude & General Knowledge – 50 questions<br>भाग/ Part D: सामान्य बौद्धिकता एवं तर्क– 50 प्रश्न/ General Intelligence & Reasoning – 50 questions<br><br>**योग्यता अंक/ Qualifying marks**<br>(a) अना वर्ग के लिए 50% अंक (भाग ए., बी., सी. और डी. में); 50% marks (in Part A, B, C & D) for UR category;<br>(b) आरक्षित श्रेणियों के लिए 40% अंक (भाग ए., बी., सी. और डी. में), केवल अधिसूचित आरक्षित रिक्तियों पर विचार के लिए/ 40% marks (in Part A, B, C & D) for reserved categories, strictly for consideration against notified reserved vacancies. |
| 2 | **कौशल परीक्षण/ Skill Test**<br>(a) लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को श्रेणी-वार रिक्तियों की संख्या के 1:5 (अधिकतम) के अनुपात में कौशल परीक्षण के लिए शॉर्ट-लिस्ट किया जाएगा, जिसमें कुल मिलाकर न्यूनतम 10 अभ्यर्थी होंगे। अना. श्रेणी के अंतर्गत शॉर्ट-लिस्ट किए गए आरक्षित अभ्यर्थी, यदि कोई हों, को ध्यान में रखे बिना, आरक्षित रिक्तियों के लिए, विशिष्ट/अतिरिक्त अभ्यर्थियों को 1:5 अनुपात (अधिकतम) में शॉर्ट-लिस्ट किया जाएगा/ Based on performance in the written test, candidates will be short-listed for skill test in the ratio of 1:5 (maximum) to the category-wise number of vacancies, with an aggregate minimum of 10 candidates. For reserved vacancies, distinct/additional candidates will be short-listed in 1:5 ratio (maximum), without regard to the reserved candidates if any, short-listed under UR category;<br>(b) **कौशल परीक्षण में निम्न शामिल हैं / Skill Test comprise:**<br>(i) कंप्यूटर साक्षरता परीक्षण/ Computer Literacy Test;<br>(ii) हिंदी टंकण परीक्षा / Hindi Typing Test;<br>(iii) उत्तीर्ण होने के मानदंड/ Pass Criteria:<br>(1) **कंप्यूटर साक्षरता परीक्षण/ Computer Literacy Test:**<br>(a) अना. वर्ग के लिए 60% अंक / 60% marks for UR category;<br>(b) आरक्षित श्रेणियों के लिए 50% अंक, केवल अधिसूचित आरक्षित रिक्तियों के प्रति/ 50% marks for reserved categories, against notified reserved vacancies only.<br>(2) **हिंदी टंकण परीक्षा/ Hindi Typing Test:**<br>(a) अना. वर्ग के लिए 5% गलतियाँ (अधिकतम)/ 5% mistakes (maximum) for |

| | |
|---|---|
| | UR category;<br>(b) केवल अधिसूचित आरक्षित रिक्तियों के प्रति, आरक्षित श्रेणियों के लिए 8% गलतियाँ (अधिकतम)/ 8% mistakes (maximum) for reserved categories, against notified reserved vacancies only.<br>(iv) यदि पैनल में शामिल होने के लिए पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी (चयन सूची और प्रतीक्षा सूची) कौशल परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते हैं, तो ऐसी कमी को पूरा करने तक 1:5 के अनुपात में अतिरिक्त अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए शॉर्ट-लिस्ट किया जाएगा/ If sufficient number of candidates for empanelment (select list & wait list) do not qualify the skill test, then additional candidates will be short-listed for skill test, in the ratio of 1:5 to the extent of such short-fall.<br>(v) कौशल परीक्षण, पूरी तरह से 'गो-नो-गो' आधार पर होगा; और चयन के लिए कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों पर विचार नहीं किया जाएगा। कंप्यूटर साक्षरता पर कौशल परीक्षण का मूल्यांकन 100-बिंदु पैमाने पर किया जाएगा/ Skill Test, will be purely on 'go-no-go; basis and marks obtained in the Skill Test will not be considered for selection. The Skill Test on Computer Literacy will be evaluated on a 100-point scale. |
| 3 | अंतिम चयन कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा/ Final selection will be based on marks scored in the written test from among the candidates who qualify in the skill test. |
| 4 | लिखित परीक्षा के अंकों में टाई होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों की परस्पर योग्यता निम्नलिखित टाई-ब्रेकर के आधार पर तय की जाएगी, जिसे आवश्यकता के आधार पर एक के बाद एक लागू किया जाएगा/ In the event of a tie in Written Test marks, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers which will be applied one after the other on need basis:<br>(a) हिंदी भाषा और व्याकरण में प्राप्त अंक/ Marks scored in Hindi Language & Grammar;<br>(b) जन्मतिथि, अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जाएगा/ Date of birth, with older candidate placed higher. |

**8. भर्ती के लिए लिखित परीक्षा अस्थायी रूप से निम्नलिखित शहरों में आयोजित की जाएगी/ The Written Test for recruitment will be conducted at the following cities tentatively:**

| क्र.सं. Sl.No. | परीक्षा केंद्र/ EXAMINATION CENTRE | राज्य/केंद्रशासित प्रदेश/ एन.सी.आर./ STATE/UT/NCR |
|---|---|---|
| 1 | अहमदाबाद/ AHMEDABAD | गुजरात/GUJARAT |
| 2 | बैंगलोर/ BANGALORE | कर्नाटक/ KARNATAKA |
| 3 | बेलगावी/BELAGAVI | कर्नाटक/ KARNATAKA |
| 4 | भोपाल/BHOPAL | मध्य प्रदेश/ MADHYA PRADESH |
| 5 | भुवनेश्वर/BHUBANESWAR | ओडिशा/ ODISHA |
| 6 | चंडीगढ़/CHANDIGARH | पंजाब/ PUNJAB |
| 7 | चेन्नई/CHENNAI | तमिलनाडु/TAMILNADU |
| 8 | नई दिल्ली/ NEW DELHI | नई दिल्ली/ NEW DELHI |
| 9 | गुवाहाटी/GUWAHATI | असम/ ASSAM |
| 10 | हैदराबाद/HYDERABAD | तेलंगाना/TELANGANA |
| 11 | जोधपुर/JODHPUR | राजस्थान/RAJASTHAN |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | कोलकाता/KOLKATA | पश्चिम बंगाल/WEST BENGAL |
| 13 | लखनऊ/LUCKNOW | उत्तर प्रदेश/UTTAR PRADESH |
| 14 | मुंबई/MUMBAI | महाराष्ट्र/MAHARASHTRA |
| 15 | पणजी /PANAJI | गोवा/GOA |
| 16 | पटना/PATNA | बिहार/BIHAR |
| 17 | रांची/RANCHI | झारखंड/JHARKAND |
| 18 | तिरुवनंतपुरम/THIRUVANANTHAPURAM | केरल/KERALA |
| 19 | विशाखापट्टनम/VISAKHAPATNAM | आंध्र प्रदेश/ ANDHRA PRADESH |

i. अभ्यर्थियों को उपरोक्त में से वरीयता क्रम में 5 शहरों को चुनने की सलाह दी जाती है/ Candidates are advised to choose 5 cities in the order of preference among the above.

ii. अभ्यर्थी द्वारा चुने गए परीक्षा शहर का आबंटन निश्चित रूप से प्रशासनिक आवश्यकताओं के अधीन होगा। यदि किसी अभ्यर्थी को चुने गए शहर में समायोजित करना संभव नहीं है, तो उसे अभ्यर्थी की पसंद के अनुसार अगला संभावित परीक्षा शहर सौंपा जाएगा। यदि किसी भी चुने गए शहर में अभ्यर्थी को समायोजित करना संभव नहीं है, तो उसे बैंगलोर शहर आबंटित किया जाएगा/ Allotment of Examination City as opted by a candidate will be strictly subject to administrative exigencies. In case it is not feasible to accommodate any candidate in the opted City, he/she will be assigned the next feasible Examination Cities as per the candidate’s choice. If it is not possible to accommodate the candidate in any of the opted cities, he/she will be allotted to Bangalore city.

iii. **इस मामले पर एच.एस.एफ.सी. का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थी के लिए बाध्यकारी होगा/ The decision of HSFC on this matter will be final and binding on the candidate.**

## 9. सामान्य शर्तें/ अभ्यर्थियों के लिए निर्देश/ General Conditions / Instructions to Candidates:

i. यह सुनिश्चित करना अभ्यर्थी की पूर्ण जिम्मेदारी है कि वह विज्ञापन में अधिसूचित पात्रता मानदंड और ऐसी अन्य शर्तों को पूरा करता है/ It is the absolute responsibility of the candidate to ensure that he / she fulfills the eligibility criteria and such other conditions as notified in the advertisement.

ii. पद अस्थायी हैं, परंतु इनके बने रहने की संभावना है।
The posts are temporary, but likely to continue indefinitely.

iii. उपरोक्त पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात 09.10.2024 तक प्राप्त होनी चाहिए/वैध होनी चाहिए/जारी की जानी चाहिए/ The Educational Qualifications which are required for the above posts should be possessed / valid / issued as on the last date of receipt of online applications i.e., 09.10.2024.

iv. विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डिग्री धारक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय/आवेदन करते समय भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू.), नई दिल्ली द्वारा जारी समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए/ Candidates possessing Degrees awarded by foreign universities should produce the equivalency certificate issued by the Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, at the time of interview /while applying.

v. नेशनल करियर सर्विसेज (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत और पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी एच.एस.एफ.सी. वेबसाइट देख सकते हैं और बताई गई आवेदन प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं/ The Candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit HSFC website and follow the application procedure as stated.

vi. अभ्यर्थियों को मांगे जाने पर ऑनलाइन जमा किए गए अपने आवेदन में दिए गए विवरण का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा/ Candidates will have to produce proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when called for.

vii. आवेदन करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और उनके द्वारा दिए गए विवरण सभी मामलों में सही हैं। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है तो उसकी अभ्यर्थिता खारिज कर दी जाएगी और यदि नियुक्त किया जाता है, तो ऐसी नियुक्ति शुरू से ही शून्य मानी जाएगी/ While applying, the candidates should ensure that they fulfil the eligibility criteria and other requirements and that the particulars furnished by them are correct in all respects. In case, it is detected at any stage of recruitment process that the candidate does not fulfil the eligibility criteria and /or does not comply with other requirements and/or he/she has furnished any incorrect/false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature is liable to be rejected and if appointed, such appointment shall be liable to be held as null & void ab-initio.

viii. जो आवेदन इस विज्ञापन में बताई गई आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं और जो अधूरे आवेदन हैं उन पर विचार नहीं किया जाएगा/ Applications that are not in conformity with the requirements indicated in this advertisement and incomplete applications will not be entertained.

ix. पद कोड 01 से 03 के लिए एम.बी.बी.एस. में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होना आवश्यक है/ Pass with minimum of second class is essential in MBBS for Post Code 01 to 03.

x. कोई भी विदेशी डिग्री एम.बी.बी.एस. (पद कोड 01, 02 और 03 के लिए) के समकक्ष भारतीय राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा वैध और विधिवत अनुमोदित होनी चाहिए। इसके समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए, अन्यथा अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी/ Any foreign Degree should be valid and duly ratified by National Medical Commission of India as equivalent to MBBS (For Post Code 01, 02 and 03). The documentary proof in support thereof shall be submitted at the time of Interview, failing which the candidature will be cancelled.

xi. किसी भी राज्य मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत अभ्यर्थी (पद कोड: 01, 02 और 03), का चयन होने पर, उन्हें भर्ती के समय भारत के राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में पंजीकरण प्रमाण पत्र जमा करना होगा/ Candidates registered with any State Medical Council (Post Code: 01, 02 and 03), upon selection, shall submit registration certificate with National Medical Commission of India at the time of joining duty.

xii. अभ्यर्थियों को एक ही पद कोड के लिए एकाधिक आवेदन जमा करने से बचना चाहिए। अंतिम बार जमा किया गया ऑनलाइन आवेदन सभी उद्देश्यों के लिए अंतिम माना जाएगा/ Candidates should avoid submitting multiple applications for the same post code. The last submitted online application will be considered as final for all purposes.

xiii. अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण/साक्षात्कार के समय अपने ऑनलाइन आवेदन में दिए गए विवरण के प्रमाण में सभी प्रासंगिक मूल दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे। यदि ऑनलाइन दी गई कोई भी जानकारी गलत (या) झूठी पाई जाती है, तो अभ्यर्थी को कौशल परीक्षण/साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी और यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा/ Candidates have to mandatorily submit all relevant original documents, in proof of details

furnished in their online applications at the time of Skill Test / Interview. If any information furnished on-line is found to be wrong (or) false, the candidate will not be allowed for Skill Test/ Interview and Travelling allowance will not be paid.

xiv. भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण/साक्षात्कार के समय पूर्व सैनिक स्थिति का विधिवत संकेत देने वाले डिस्चार्ज प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति या सेवानिवृत्त नहीं होने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र जमा करना होगा/ Ex-Servicemen Candidates have to submit attested copy of Discharge certificate duly Indicating the Ex-Serviceman status or NOC if not retired, at the time of Skill Test/ Interview.

xv. **किसी भी मध्यावधि पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, किसी भी स्पष्टीकरण के संबंध में अभ्यर्थी rmt-hsfc@isro.gov.in को मेल भेज सकते हैं।**
**No interim correspondence will be entertained. However, in case of any clarification, the candidates may e-mail to rmt-hsfc@isro.gov.in.**

xvi. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों को सूचना केवल अभ्यर्थी की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजी जाएगी। इस प्रयोजन के लिए, अभ्यर्थियों को अपना ई-मेल आईडी सही और अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस भर्ती पर अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से एच.एस.एफ.सी. की वेबसाइट और अपनी पंजीकृत ई-मेल आईडी देखते रहें/ Intimation to the eligible candidates for the Written Test/Interview will be sent only to registered e-mail ID of the candidate. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID CORRECTLY and COMPULSORILY. Candidates are advised to regularly check HSFC website and their registered e-mail IDs for updates on this recruitment.

xvii. अधिसूचित पदों के कर्तव्यों में सामान्य कर्तव्यों के साथ-साथ चौबीस घंटे के आधार पर शिफ्ट/आपातकालीन कर्तव्यों को पूरा करना शामिल है/ The duties of the notified Posts include attending to general duties as well as shift / emergency duties on round-the-clock basis.

xviii. यदि एच.एस.एफ.सी. पद को न भरने का निर्णय लेता है तो बिना कोई कारण बताए ऐसा करने का पूर्ण अधिकार रखता है। यह रिक्ति अनंतिम है और आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न हो सकती है/ HSFC reserves absolute rights not to fill up the post, if it so decides, and without assigning any reason. The vacancy indicated is provisional and may vary as per the requirements.

xix. **अनापत्ति प्रमाणपत्र/ No Objection Certificate:**

जो अभ्यर्थी केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि के तहत कार्यरत हैं, उन्हें साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के समय संबंधित नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाण पत्र** जमा करना होगा। इसके अलावा, जो अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद नियोजित होते हैं, उन्हें भी साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के समय नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा। **जो अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार एनओसी जमा करने में विफल रहता है, उसे साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, उसे यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा और उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।** यह स्पष्ट रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए कि आवेदन को ऑनलाइन जमा करने के बाद उसमें परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।/ Candidates who are employed under Central / State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies, etc., have to submit **No Objection Certificate** from the Employer concerned at the time of Interview/Skill Test. Further, candidates who get employed after the submission of online application should also submit No Objection Certificate from Employer at the time of Interview/Skill Test. **A candidate who fails to submit NOC as above, will not be permitted to attend the Interview/Skill Test, Travelling Allowance will not be paid**

**<u>and his/her candidature will be cancelled</u>**. It may be clearly noted that online application once submitted cannot be edited later.

xx. **<u>यात्रा भत्ता/ Travelling Allowance:</u>**

साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिए बुलाए गए शहर से बाहर के अभ्यर्थियों को, वेब एप्लिकेशन में दिए गए पते से साक्षात्कार/कौशल परीक्षण के स्थान तक सबसे छोटे मार्ग का, स्लीपर क्लास रेलवे का किराया (या) गैर-ए.सी. बस का किराया, जो भी कम हो, का भुगतान, रेलवे/बस टिकट या ई-टिकट का प्रिंट-आउट प्रस्तुत करने पर, किया जाएगा। लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। **(दस्तावेज़ के सफल सत्यापन के बाद साक्षात्कार/कौशल परीक्षण के लिए अनुमति प्राप्त अभ्यर्थियों को ही पात्र यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।)**/ Outstation candidates called for Interview / Skill Test will be paid to and fro sleeper class Railway Fare (or) non-AC bus fare, whichever is less; by the shortest route from the address given in the web application to the place of Interview/Skill Test, on production of Railway/Bus Ticket or print-out of e-tickets. No Travelling Allowance will be paid for attending the Written Test. **(The candidates who are allowed for Interview/Skill Test after successful document verification will alone be paid eligible Travelling Allowance.**)

xxi. अ.जा./अ.ज.जा./ अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस. से संबंधित अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र/प्रमाणपत्र की एक नवीनतम प्रति जमा करनी होगी और जो अभ्यर्थी पी.डब्ल्यू.बी.डी. होने के लिए रियायत/छूट का दावा करते हैं,और भारत सरकार के तहत नौकरियों में आरक्षण/रियायतें का दावा करने वाले अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों को, निर्धारित प्रोफार्मा में, कौशल परीक्षण/साक्षात्कार के समय उनके समकक्ष योग्यता प्राप्त करने का समर्थन करने वाले सभी प्रमाणपत्रों सहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रासंगिक प्रमाणपत्रों को लाना होगा। / Candidates belonging to SC/ST/OBC/EWS should submit a latest copy of Caste Certificate/Certificate and candidates who claim concession/relaxations being PwBD and other categories of candidates need to bring relevant certificates issued by the Competent Authority in the prescribed proforma applicable for reservation/ concessions of jobs under the Government of India including all the certificates supporting for having acquired their equivalent qualification at the time of Skill Test/ Interview.

xxii. कौशल परीक्षण के समय ई.डब्ल्यू.एस. से संबंधित अभ्यर्थी को वर्ष 2023-2024 के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया हो और वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए वैध होना चाहिए/ The candidate belonging to EWS, at the time of Skill Test, should produce Income & Asset Certificate for the year 2023-2024 and valid for the Financial year 2024-2025 issued in the prescribed format by the Competent Authority.

xxiii. अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि यानी 09.10.2024 तक ही मान्य होना चाहिए। वही प्रमाणपत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाए और कौशल परीक्षा के समय या जब भी मांगा जाएगा, प्रस्तुत करना होगा/ OBC/EWS Certificates shall be valid as on the last date of receipt of online applications i.e., 09.10.2024 only. The same certificate shall be uploaded online and shall be produced at the time of Skill Test or whenever it is called for.

xxiv. पी.डब्ल्यू.बी.डी. से संबंधित अभ्यर्थियों को <u>लिखित परीक्षा के समय (यदि लेखक (स्क्राइब)/अधिक समय का विकल्प चुनते हैं) और साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के समय सत्यापन के लिए अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II</u> में दिए गए निर्धारित प्रारूप में मूल विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें, स्पष्ट रूप से विकलांगता का प्रतिशत इंगित किया गया हो और जो कम-से-कम तीन (03) सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो, जिसमें से एक सदस्य केंद्र

या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित विकलांगता का आकलन करने के लिए उस विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञ हो। कम-से-कम 40% प्रासंगिक विकलांगताओं से पीड़ित व्यक्ति ही पी.डब्ल्यू.बी.डी. के तहत अनुमेय लाभ या आरक्षण और अन्य छूट के लिए पात्र होंगे/ Candidates belonging to PwBD should produce the original Disability Certificate in the prescribed format as given in Annexure-I & Annexure-II at the time of Written Test (if opting for scribe / compensation time) and at the time of Interview / Skill Test for verification, clearly indicating the percentage of disability, issued by a Medical Board consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing disability, duly constituted by Central or a State Government. Persons suffering from not less than 40% of relevant disabilities shall alone be eligible for benefit or reservation & other relaxation as permissible under PwBD.

xxv. **लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने वाले बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए दिशानिर्देश/ Guide lines for Persons with Benchmark Disabilities Using a Scribe**:

दृष्टिबाधित अभ्यर्थी और बेंचमार्क विकलांगता वाले अभ्यर्थी जिनकी लेखन गति किसी भी कारण से स्थायी रूप में प्रतिकूल रूप से प्रभावित है, वे लिखित परीक्षा के दौरान अपनी लागत पर अपने स्वयं के स्क्राइब का उपयोग कर सकते हैं, जो नीचे "बी"; "सी"; और "एफ" में दी गई सीमाओं के अधीन है। ऐसे सभी मामलों में जहां एक स्क्राइब का उपयोग किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे/ The visually impaired candidates and candidates with Benchmark Disabilities whose writing speed is adversely affected permanently for any reason can use their own scribe at their cost during the Written Test, subject to limits as in "b"; "c"; and "f" below. In all such cases where a scribe is used, the following rules will apply:

a. अभ्यर्थी को अपने खर्चे पर अपने स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी/ The Candidate will have to arrange his/her own scribe at his /her own cost.
b. लेखक किसी भी शैक्षणिक स्ट्रीम से हो सकता है। स्क्राइब की योग्यता उक्त पद के लिए निर्धारित आवश्यक योग्यता से एक पद कम होनी चाहिए/ The scribe may be from any academic stream. The qualification of the scribe should be one step below the essential qualification as prescribed for the post.
c. एक अभ्यर्थी के लिए स्क्राइब के रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति दूसरे अभ्यर्थी के लिए स्क्राइब नहीं हो सकता/ A person acting as a scribe for one candidate cannot be a scribe for another candidate.
d. अभ्यर्थी को यह पुष्टि करते हुए उपयुक्त प्रतिज्ञा करनी होगा कि उसका स्क्राइब ऊपर उल्लिखित सभी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। यदि बाद में यह पता चलता है कि उसने किसी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया है या भौतिक तथ्यों को छिपाया है, तो लिखित परीक्षा के परिणाम की परवाह किए बिना, आवेदक की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी/ The candidate will have to give a suitable undertaking confirming that his / her scribe fulfils all the stipulated eligibility criteria mentioned above. In case it later transpires that he/she did not fulfil any laid down eligibility criteria or suppressed material facts, the candidature of the applicant will stand cancelled, irrespective of the result of the Written Test.
e. जो अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रतिपूरक समय के लिए प्रमाणपत्र जमा करते हैं, केवल वे ही 20 मिनट/घंटा की दर से प्रतिपूरक समय पाने के लिए पात्र होंगे, यदि वे उपयोग करना चाहते हैं/ Candidates who submit certificate for compensatory time as per prescribed format shall only be eligible for grant of Compensation time @ 20 minutes/ hour, if he/she is willing to utilize.
f. परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया गया कि लेखक स्वतंत्र रूप से प्रश्न का उत्तर दे रहा है, तो अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। यदि परीक्षा के बाद पर्यवेक्षक/पर्यवेक्षक/पर्यवेक्षक द्वारा यह रिपोर्ट दी जाती है कि अभ्यर्थी/स्क्रइब ने ऐसे किसी कदाचार का सहारा लिया है तब भी स्क्राइब की सेवाएँ लेने वाले ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी / During the examination, at any stage, if it is found that scribe is independently answering the question, the candidate's candidature will be cancelled. The candidature of such candidates using the services of a scribe will also be cancelled if it is reported after the examination

by the invigilator / supervisor / observer that the candidate / scribe has resorted to any such malpractices.

xxvi. विकलांगता की परिभाषाएँ "विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016" की अनुसूची में विनिर्दिष्ट और समय-समय पर यथा संशोधित अनुसार होंगी। इस संबंध में, निम्नलिखित पर ध्यान दिया जा सकता है: - **कम दृष्टि** का मतलब है कि किसी व्यक्ति में निम्नलिखित में से कोई भी स्थिति है: सर्वोत्तम संभव सुधार के साथ बेहतर आंख में दृश्य तीक्ष्णता 6/18 से अधिक या 20/60 से कम 3/60 तक या 10/200 (स्नेलेन) तक नहीं होनी चाहिए; या दृष्टि के क्षेत्र की सीमा 40 डिग्री से कम के कोण को 10 डिग्री तक सीमित करना/ The definitions of Disabilities shall be as specified in the Schedule to the "Rights of Persons with Disabilities Act, 2016" and as amended from time to time. In this regard, the following may be noted: - **Low Vision** means a person has any of the following conditions namely: Visual acuity not exceeding 6/18 or less than 20/60 upto 3/60 or upto 10/200 (Snellen) in the better eye with best possible corrections; or limitation of the field of vision sub tending an angle of less than 40 degree up to 10 degree.

आरक्षण के लिए विकलांगता की डिग्री: केवल ऐसे व्यक्ति ही सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो कम-से-कम 40% प्रासंगिक विकलांगता से पीड़ित हों/ Degree of Disability for reservation: Only such persons would be eligible for reservation in Services / Posts who suffer from not less than 40% of relevant disability.

xxvii. बेंचमार्क विकलांगता (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) वाले व्यक्ति अपने लिए उपयुक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, भले ही पद उनके लिए आरक्षित न हो। ऐसे अभ्यर्थियों को योग्यता के सामान्य मानक के आधार पर ऐसे पदों पर चयन के लिए विचार किया जाएगा।/ Persons with Benchmark Disability (PwBD) can apply for the posts suitable to them even if the post is not reserved for them. However, such candidates will be considered for selection to such posts by general standard of merit.

xxvii. केवल भारतीय नागरिकों को ही आवेदन करना होगा/ Only Indian Nationals need to apply.

xxviii. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता होगी/ Canvassing in any form will be a disqualification.

xxix. किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। No interim correspondence will be entertained. **टेलीफ़ोनिक वार्तालापों पर बिल्कुल विचार नहीं किया जाएगा/ Telephonic conversations are strictly not entertained.**

xxx. अपूर्ण आवेदन जैसे फोटो, हस्ताक्षर, भुगतान, मार्कशीट, जाति/वर्ग प्रमाण पत्र, जन्मतिथि का प्रमाण आदि के बिना आवेदन सीधे खारिज कर दिए जाएंगे/ Incomplete applications like those without photograph, signature, payment, mark-sheets, Caste / Category Certificate, Proof of Date of Birth, etc., will be rejected outrightly.

xxxi. **बायोमेट्रिक सत्यापन/ Biometric Verification:**
बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को डिजिटल प्रारूप में फोटो और अंगूठे का निशान और आईआरआईएस स्कैन लेने के लिए विभिन्न चरणों में बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना होगा। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके अंगूठे का सही निशान और सही ढ़ंग से आईआरआईएस स्कैन विभिन्न चरणों में लिया गया है क्योंकि किसी भी विसंगति के कारण उसकी अभ्यर्थिता खारिज कर दी जाएगी। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कॉल लेटर में दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें/ Candidates should be willing to undergo biometric verification at various stages to capture photo and thumb impression and IRIS Scan of the candidates in digital format for biometric verification. Candidate shall ensure that his/ her correct thumb impression and IRIS Scan is captured at various stages as any inconsistency will lead to rejection of his/her

candidature. Accordingly, candidates are advised to follow the guidelines that shall be provided in the call letter.

xxxii. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे नियत तिथि से काफी पहले आवेदन करें। अंतिम तिथि के भीतर किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में विफलता के लिए एच.एस.एफ.सी. जिम्मेदार नहीं होगा/ Candidates in their own interest are advised to apply well in advance of the due date. HSFC will not be responsible for failure to submit application due to whatsoever reason within the last date.

xxxiii. इस भर्ती अधिसूचना के हिंदी संस्करण में किसी खंड की व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण में दिए गए निर्देश मान्य होंगे/ In case of any ambiguity / dispute arising on account of interpretation of any clause in the Hindi version of this Recruitment notification, the instructions as spelt out in the English version shall prevail.

xxxiv. यह ध्यान दिया जा सकता है कि अनिवार्य योग्यता की आवश्यकताओं, पदों की संख्या आदि में किसी भी संशोधन से संबंधित शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल एच.एस.एफ.सी. वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा और समाचार पत्रों में अधिसूचित/विज्ञापित नहीं किया जाएगा। It may be noted that corrigendum, if any, related to any modifications to the Essential Qualification Requirements, No. of posts, etc., will be notified in HSFC website only and will not be notified/advertised in newspapers.

**<u>याद रखने योग्य महत्वपूर्ण तिथियाँ/ Important Date(s) to Remember</u>:**

| | | |
|---|---|---|
| ऑन-लाइन पंजीकरण के खुलने की तिथि Opening Date for On-line Registration | : | **19.09.2024 (from 10.00 hrs)** |
| ऑन-लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि Closing Date for On-line Registration | : | **09.10.2024** |
| हर मामले में सभी अभ्यर्थियों की पात्रता निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि यानी 09.10.2024 होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन भर्ती आवेदन में अपने सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें/ Date for determining the Eligibility of all candidates in every respect shall be the prescribed closing date for submission of online recruitment application i.e.,**09.10.2024.** The applicants are advised to fill in all their particulars in the online recruitment Application carefully. | | |

नवीनतम अपडेट के लिए समय-समय पर एच**.**एस**.**एफ**.**सी**.** की वेबसाइट **<u>www.hsfc.gov.in</u>** देखें।
**Visit HSFC web site <u>www.hsfc.gov.in</u> from time to time for latest updates.**

**प्रभाव के माध्यम से या अनुचित और अनैतिक तरीकों के उपयोग से अं.वि./इसरो में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटियरों से सावधान रहें। अं.वि./इसरो अपनी ओर से कार्रवाई के लिए कभी भी किसी एजेंट (या) कोचिंग सेंटर को नियुक्त नहीं करता है। अभ्यर्थियों को व्यक्तियों/एजेंसियों द्वारा किए जा रहे ऐसे किसी भी दावे के प्रति सावधान किया जाता है। अभ्यर्थियों का चयन पूरी तरह से योग्यता के अनुसार किया जाता है। बेईमान तत्वों से सावधान रहें और उनके जाल में न फंसें। Beware of Touts and job racketeers trying to deceive by false promises of securing job in DOS/ISRO either through influence or by use of unfair and unethical means. DOS/ISRO never appoints any agent(s) (or) coaching centre(s) for action on its behalf. Candidates are warned against any such claims being made by persons/ agencies. Candidates are selected purely as per merit. Beware of unscrupulous elements and**

**do not fall in their trap.**

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एच.एस.एफ.सी./इसरो की आधिकारिक वेबसाइट देखें और बेईमान तत्वों/दलालों द्वारा डाली गई नकली वेबसाइटों और सोशल मीडिया सामग्री से सावधान रहें/ Candidates are advised to visit only the Official website of HSFC/ ISRO and beware of FAKE websites and social media content put up by unscrupulous elements/touts.**

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.hsfc.gov.in देखें। PLEASE VISIT OUR WEB SITE AT www.hsfc.gov.in** FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION

इसरो में शामिल होकर अपना केरियर बनाए प्रतिभावान
वैज्ञानिक एवं तकनीकी समुदाय के साथ अपना ज्ञान बाँटें और
राष्ट्र के विकास में सहायक बनें
JOIN ISRO AND SHAPE-UP YOUR CAREER
SHARE YOUR KNOWLEDGE WITH TALENTED SCIENTIFIC AND TECHNICAL COMMUNITY AND SUPPORT NATIONAL DEVELOPMENT

**"सरकार कार्यदल में लिंग अनुपात बनाए रखना चाहती है इसलिए महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रेरित करती है/ Government strives to have a work force which reflects gender balance and hence women candidates are encouraged to apply"**